Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 03-03-2022 | अंक 157

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## बिहार सरकार की स्वास्थ्य विभाग की बोर्ड लगी गाड़ी से 13 पेटी शराब बरामद, वाहन जब्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही पुलिस ने बुधवार रसोइया धमना मोड़ के पास से अवैध शराब से लदे बिहार सरकार के स्वास्थ विभाग का बोर्ड लगी वाहन को जब्त किया है। जब्त किया गया टाटा सूमो वहांन से 13 पेटी शराब बरामद किया गया है। इस बाबत बरही थाना प्रभारी पुनि नीरज कुमार सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली की बिहार सरकार का एक सफेद रंग का टाटा सूमो कार जिसमे स्वास्थ विभाग का बोर्ड लगा हुआ है। जिसका गाड़ी संख्या ठत 01 च्थ्/ 5153 हैं। उसमे अवैध तरीके से शराब लोड कर बिहार ले जाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद पेट्रो. लिंग टीम को अलर्ट कर दिया गया। रसोइया धमना के पास वाहन को जब्त किया गया। जिसमे 13 पेटी अवैध शराब बरामद हुआ। हालाकि चालक फरार होने में सफल रहा। इस मामले में कांड संख्या 93/22 के तहत एफआ. ईआर दर्ज कर ली गई है। पुलिस जांच में जुट गई है।




## सड़क दुर्घटना में एक घायल, रेफर



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही कोबरा वाहिनी 203 गेट के समीप गुरुवार दोपहर लगभग 2 बजे विप. रीत दिशा से आ रही दो वाहनों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों वाहनों के चालक गंभीर रूप से घयाल हो गए घायलों को बचाने एवं अस्पताल पहुचाने में कोबरा वाहिनी के जवानों ने काफी तत्परता दिखाया एवं दुर्घटना ग्रस्त वाहन में फंसे चालक को निकालने में काफी सहयोग किया। बता दे कि दुर्घटना के बाद एक वाहन का चालक गाड़ी में ही फंस गया था, सूचना मिलने पर कोबरा वाहिनी के सीओ राजीव सिंह ने द्वतीय कमान अधिकारी मि. थलेश कुमार को अविलंब राहत एवं बचाव कार्य का निर्देश दिया, द्वतीय कमान अधिकारी द्वारा वाहिनी के सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार यादव को स्थिति से निपटने का आदेश दिया। जिसके बाद पंकज कुमार यादव कोबरा के अन्य जवानों के राहत व बचाव कार्य में जुट गए, जवानों ने सबसे पहले ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला जिसके बाद कोबरा के निजी एम्बुलेंस से दोनों घयाल मुस्ताक हसन उम्र 42 वर्ष पिता करीम बक्स बर्दवान पश्चिम बंगाल निवासी एवं सुरेंद्र पासवान दुखन सरैया मुजफरपुर बिहार निवासी को अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती कराया। जहा से डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग रेफर कर दिया। बचाव कार्य मे शामिल जवानों में सब इंस. पेक्टर पंकज कुमार यादव, हवलदार मोरेज कुल्ले, सिपाही बी नरेश, आर रेड्डी, एम मारुति, बीबी साकीया, एंबुलेंस ड्राइवर संतराम आदि शामिल रहे।

## शिवरात्रि पूजा के अवसर पर लसकरी में अखंड कीर्तन का आयोजन, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने किया शुभारंभ

### अखंड कीर्तन से मन होता है शुद्ध : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत रसोइया धमना पंचायत के लसकरी में शिवरात्रि पूजा के शुभ अवसर पर रात्रि में 12 घंटा का अखंड कीर्तन का आयोजन किया। जिसका शुभारंभ बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने ‟ हरे रामा हरे कृष्णा‟ गाकर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि अखंड कीर्तन से मन शुद्ध होता है। वही अखंड कीर्तन में पुरुषो के साथ साथ मि. हलाओं ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिससे पूरा गांव ‟हरे रामा हरे कृष्णा‟ के आवाज से पूरा रात गूं. जता रहा । मौके पर भा. जपा के युवा नेता रितेश गुप्ता, भूपेंद्र यादव, किशोर कुमार राणा, संतोष चंद्रवंशी, बिनोद चंद्रवंशी, बालेश्वर प्रजापति, दिनेश प्रजापति, जानकी रजक, सोबरन प्रजापति, शिव कुमार राम, सुजल कुमार, उदित कुमार, मनीष कुमार, सनी कुमार, मनीष कुमार, मुरारी राम, विजय प्रजापति, सुनील कुमार, केशर प्रजापति, सरजू प्रजा. पति, नरेश प्रजापति, नितेश कुमार, महेंद्र रजक, सुरेश राम, संदीप चंद्रवंशी, संदीप कुमार, उदित कुमार, विकास कुमार, प्रमोद कुमार एवं सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## जेबा प्रवीण को मिला ऊर्दू में मास्टर्स ऑफ आर्ट्स की डिग्री, राज्यपाल ने किया गोल्ड मेडल से सम्मानित




**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही कोनरा निवासी एवं प्रखंड अध्यक्ष कांग्रेस इकबाल रजा की पुत्री जेबा प्रवीण ने उर्दू में मास्टर्स अ०फ आर्ट्स की डिग्री हासिल की है। गुरुवार को हज़ारीबाग़ बिनोवाभावे यूनिवर्सिटी में आयोजित दीक्षांत समारोह में कुलपति सह राज्यपाल रमेश बैस ने जेबा प्रवीण को गोल्ड मेडल से सम्मानित करते हुए उनका मास्टर डिग्री का प्रमाण पत्र सौंपा। जेबा प्रवीण उर्दू में महारत हासिल की है। इनकीं माध्यमिक शिक्षा 2010-11 में परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में हुई। मैट्रिक परीक्षा इन्हा. ने प्रथम श्रेणी से पास की। वहीं बरही इन्टर क०लेज से प्रथम श्रेणी से उतीर्ण की। आरएनवाईएम क०लेज से स्नातक की डिग्री हासिल की । उर्दू में इन्होंने यूनिवर्सिटी ट०पर का खिताब मिला। शांत एवं सुशील स्वभाव की जेबा प्रवीण ऊर्दू विषय मे हमेशा अव्वल रही है। राज्यपाल सह कुलपति रमेश बैस से सम्मानित होने पर पिता इकबाल रजा ने अपनी पुत्री पर गर्व का अनुभव करते हुए कहा कि शिक्षा के मामले में उन्होंने अपनी बेटियों को उच्च तालीम दिलाने में कोई कोर कसर नही छोड़ा। हर लोगो को अपनी बेटीयों को उच्च तालीम दिलाने में पहल करनी चाहिए।

## 4 मार्च को भाकपा अंचल कमेटी करेगा प्रखंड मुख्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**

चंदवारा प्रखंड में दाखिल खारिज एवं जमीन ऑनलाइन, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, 15वें वित्त आयोग की योजना में भयंकर गड़बड़ी एवं कमीशन खोरी को लेकर 4 मार्च 2022 को भाकपा अंचल कमेटी चंदवारा ने प्रखंड मुख्यालय चंदवारा के समक्ष धरना प्रदर्शन करेगा। जिसकी सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रदर्शन के पूर्व पुराना थाना चंदवारा से दोपहर 12रू00 बजे जुलूस निकाला जाएगा जो प्रखंड मुख्यालय पहुंचकर धरना में तब्दील होगा। धरना को मुख्य रूप से जिप सदस्य महादेव राम, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, युवा नेता पुरुषोत्तम यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडेय, बहादुर कुशवाहा, उप प्रमुख वीरेंद्र यादव, महिला नेत्री सोनिया देवी आदि संबोधित करेंगे।

APEM LIVE

APEM LIVE

दिनांक: 03-03-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

पेज सं0: 02

## पोस्ता विनिष्टिकरन अभियान के दूसरा फेज का दूसरे दिन 30 एकड़ तैयार पोस्ता को किया गया नष्ट

### एक सप्ताह तक चलेगा लगातार अभियान पोस्ता लगाने वाले और अफीम माफियाओं की प्रशासन ने तोड़ी कमर

### एस डी पी ओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में चालाया जा रहा है अभियान

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**





कान्हाचट्टी : उपायुक्त अंजली यादव एवं आरक्षी अधीक्षक राकेश रंजन के निर्देश पर जिले में लगातार अफीम पोस्ता माफियाओं को जबरदस्त चोट पहुचाया जा रहा हैं।इसी क्रम में उपायुक्त एवं आरक्षी अधीक्षक के निर्देशानुसार राजपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगली इलाको के वन विभाग के जमीन एवं रैयती जमीन पर लगे पोस्ता के पौधे को लगातार नष्ट करते हुए माफिया पर नकेल कसने की तैक़री की जा रही है।राजपुर थाना क्षेत्र और राजपुर वन क्षेत्र के जमीन पर बेंगोकला पंचायत के सबसे नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सुमार पथेल गांव जो झारखण्ड बिहार की सीमा पर है में गुरुवार को एस डी पी ओ अविनाश कुमार के निर्देश पर लगभग 30 से 32 एकड़ जमीन पर लहलहा रहे पोस्ता की फसल को ट्रेक्टर और जे सी बी के माध्यम से नष्ट किया गया।अ. विनाश श्री कुमार ने बताया कि यह अभियान पोस्ता विनिष्टिकरन के दूसरा फेज चल रहा है।जिनमे बुधवार से अभियान की शुरुआत की गई।जिसमें बुधवार को लगभग 25 एकड़ एवं गुरुवार को 30 से 32 एकड़ जमीन पर लगे पोस्ता को जोत कर नष्ट कर दिया गया।और यह अभियान लगभग एक सप्ताह चलेगी।उन्होंने कहा कि अब जिले में अफीम माफियाओ की खैर नहीं होगी।अफीम माफियाओं को जेल भेजा जा रहा है।उन्होंने पथेल एवं अन्य पोस्ता लगाने वालों को कहा है कि पोस्ता की खेती छोड़ कर किसान दूसरे फसल की खेती करें अन्यथा उन्हें नुकशान भी उठाना पड़ रहा है।वहीं रा. जपुर थाना प्रभारी विकास पासवान ने कहा कि पोस्ता और नक्सली दोनो ही समाज के दुश्मन हैं और जो इन दोनों के नजदीक आएंगे उन्हें जेल की हवा खानी पड़ेगी।अभियान में इन अधिकारियों के अलावा वन विभाग एवं गौतम बुद्धा वन्य आश्रयणी कोड. रमा के कर्मी भी शामिल है।

## विक्की कुमार धान ने मुन्ना सिंह से की मुलाकात

**अपेम लाइवः हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



दिन बृहस्पतिवार को भावी मुखिया प्रत्याशी व आदिवासी छात्र संघ अध्यक्ष विक्की कुमार धान ने समा. जसेवी व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सदर मुन्ना सिंह जी से औपचारिक मुलाकात किया विक्की कुमार धान उनके आवास चानो पहुंचे ,सबसे पहले विक्की कुमार धान ने बुके देकर ढ़ेर सारी शुभकामनाएं व बधाई दिया , और उनका हाल चाल जाना ,और वर्तमान राजनीति के विषय में चर्चा किया गया , और विक्की धान ने अपने बेस पंचायत के विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा जैसे की साइडिंग ,रोड , पानी , बिजली , ग्रामीणों की समस्याओं को रखा ,और पंचायत चुनाव के विषय में चर्चा किया , राजहर गांव में एक धार्मिक स्थल के रूप में माता मरियम का ग्रोटो का यहां के ग्रामीणों ने निर्माण किया है जिसमें की चारद. ीवारी को लेकर मुन्ना भैया को अवगत करवाया गया, मुख्य रूप से उपस्थित थे विशाल धान , राहुल विकास आदि उपस्थित थे




## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक सम्पन्न

### कौशल युवा कुशल जिला के तर्ज पर जिले के युवाओं को प्रशिक्षित करने पर उपायुक्त ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश

**अपेम लाइव : कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



चतराऱूसमाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अंजली यादव की अध्यक्षता में जिला कौशल समिति की बैठक हुई। कौशल युवा कुशल जिला के तर्ज पर जिले के युवाओं को प्रशिक्षित करने हेतु उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना समेत अन्य के तहत संचालित प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी लेते हुए पिछले 5 वर्षों में दिए गए प्रशिक्षण का डेटा बेस तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में वैसे सरकारी भवन जो खाली पड़े है, उनमें आवश्यकता अनुसार ट्रेनिंग सेंटर के संचालन हेतु भी उपायुक्त द्वारा निर्देशित किया गया। वहीं संकल्प योजना के तहत आकांक्षी जिला को प्राप्त फण्ड का कार्य योजना बनाने का निर्देश दिया गया। जिससे प्राप्त फण्ड का सदुपयोग किया जा सके। इसके आलावे स्किल प्रोफाइल बनाने/ स्किल डेवलपमेंट प्लान बनाने का निर्देश दिया गया। जिससे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य से संबंधित प्रशिक्षण बेरोजगार युवाओं को देकर उन्हें रोजगार मुहैया कराई जा सके।जिले में संचालित प्रशिक्षण केंद्र एवं प्लेसमेंट की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली गई। अब तक कितने ट्रेनिंग हुए है, इसकी जानकारी भी ली गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। एनरॉलमेंट कम रहने को लेकर उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए जिससे बच्चों का एनरॉलमेंट बढ़ाया जा सके। उपायुक्त ने जिला श्रम अधीक्षक को प्रशिक्षण केन्द्रों की समीक्षा का निर्देश दिया गया। साथ हीं प्रशिक्षण केंद्र की जानकारी प्रचार प्रसार के माध्यम से आमजनों को देने का निर्देश दिया गया। बैठक में वर्चुअल माध्यम से जुड़े सीसीएल समेत अन्य प्रतिनिधियों से भी वोकेशनल ट्रेनिंग का संचालन समेत अन्य को लेकर उपायुक्त ने विचार विमर्श कर आवश्यक निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, उत्कर्ष गुप्ता, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला प्रबंधक, उद्योग विभाग, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला श्रम अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक, चतरा, संयोजक प्रधानमंत्री कौशल विकास केन्द्र, महाप्रबंधक, सीसीएल, मगध आम्रपाली टण्डवा, चतरा, जिला परियोजना प्रबंधक, जेएसएलपीएस , डीडीएम नाबार्ड, चतरा, डीएमएफटी पीएमयू समेत अन्य उपा. स्थित थे।

## प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत खनन एवं औद्योगिक प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




संस्थान एनटीपीसी ढ़ेगा में खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग (सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार) के राज्य कार्यालय रांची के तत्वधान में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें खादी ग्रामोद्योग आयोग झारखंड रांची के निदेशक जे के गुप्ता ने कहा खादी एंव ग्रामोद्योग आयोग का मुख्य उद्देश्य गांव के घर घर तक इस योजना को पहुंचाना और बेरोजगारों को स्व रोजगार के लिए प्रोत्साहित करना ,वही इस कार्यक्रम में बातौर मुख्य अतिथि खादी एंव ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार पूर्वी क्षेत्र के सदस्य मनोज कुमार सिंह ने पर. प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आईटीआई या अन्य टेक्निकल ट्रेनिंग लेने के बाद युवा नौकरी ढूंढते हैं यह अच्छी बात है पर स्व. रोजगार की दिशा में बढ़ने का एक सुनहरा अवसर भी इसी उम्र में रहता है और इसी उम्र में रिक्स ले सकते हैं और अपना उद्योग लगाकर स्वयं व अन्य लोगों को भी रोजगार दे सकते हैं ।उम्र बढ़ने के बाद 40-45 वर्ष की उम्र में रिस्क नहीं ले सकेंगे और उस समय जिम्मेवारियां अधिक होती है । आगे उन्होंने युवा प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए कई सफल उद्यमियों की उदाहरण भी दिए और स्वयं का उधम लगाने के लिए प्रेरित भी किए साथ ही कहा कि आप लोग इस बदलते युग में अपने मोबाइल से इंटरनेट के माध्यम से बदलते समय में कैसा रोजगार करना जिससे आप आगे बढ़ सकते यह सब ढूंढ कर जान सकते हैं ।इसके लिए पीएमईजीपी पर 300 तरह के स्व. रोजगार व उद्यम का प्रोग्राम डाला गया है जिसे वेबसाइट पर भी जाकर जानकारी ले सकते हैं । इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे राजीव मल्होत्रा ने विस्तृत रूप से बताते हुए कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा बैंकों से पीएमईजीपी के तहत ऋण भी मुहैया करवाया जाता है। इसमें सामान्य वर्ग के लोगों को प्रोजेक्ट का 10ः राशि बैंक में जमा करना होता है ,वही एसटी/ एससी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक/ दिव्यांग/ महिला और देश सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्रोजेक्ट का 5ः राशि बैंक में जमा कर रोजगार या उद्योग लगाने के लिए बैंक से ऋण ले सकते है वह इस कार्यक्रम के तहत शहरी क्षेत्र में सामान्य वर्ग को 15ः और ग्रामीण क्षेत्र में 25ः व विशेष वर्ग एसटी एससी ओबीसी अल्पसंख्यक दिव्यांग आदि लोगों को शहरी क्षेत्र में 25ः और ग्रामीण क्षेत्रों में 35ः सब्सिडी भी मिलता है । इस योजना में उत्पादन इकाइयों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए खादी ग्रामोद्योग आयोग, खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला उद्योग केंद्र, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत सार्वजनिक क्षेत्र के सभी बैंक को झारखंड राज्य के क्षेत्रीय बैंकों के साथ निजी व व्यवसायिक बैंकों से वित्तीय ऋण प्रदान की जाती है । इससे व्यक्तिगत ऋण, स्वंय सहायता समूह, सोसायटी एक्ट के तहत रजिस्टर्ड कंपनियों व को-अ0परेटिव सोसायटी को भी मैन्युफै. क्चरिंग यूनिट लगाने के लिए ऋण दिया जाता है इसे बेहतर करने के बाद। इसको एक्सटेंशन कर दूसरी बार में एक करोड़ मैन्युफै. क्चर इकाई और 25 लाख तक स्व रोजगार के लिए ऋण देने का प्रावधान है। आवेदन भरने के लिए 18 वर्ष होने चाहिए इसके लिए आयु प्रमाण पत्र आ. ठवीं कक्षा तक का शैक्षणिक प्रमाण पत्र ,फोटो पहचान पत्र ,आवासीय प्रमाण पत्र व विशेष श्रेणी के लिए जाति प्रमाण पत्र ,आधार कार्ड विकलांग प्रमाण पत्र के साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट का कॉपी भी देना होता है । इस योजना के आवेदकों के लिए ईडीपी से 10 दिन का आवासीय ट्रेनिंग दिया जाता है जो बिल्कुल निशुल्क होता है उसकी ट्रेनिंग लेनी होती है । ग्रामीण क्षेत्र में इस योजना को खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग ,खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड व जिला उद्योग केंद्र के द्वारा संचा. लित किया जाता है । वही शहरी क्षेत्र में जिला उद्योग केंद्र इस योजना को संचा. लित करती है । वही डीएससी ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत स्वरा. `जगार उद्योग के लिए युवाओं के पास अनेक संभावनाएं हैं इस योजना में पीएमईजीपी के तहत ऋण दिया जाता है ।उद्योग लगाने एवं स्वरोजगार करने के लिए कोई भी मुझसे संपर्क कर इसकी जानकारी ले सकता है मेरा नंबर है 87893 78262 ,बैंक अ0फ इंडिया हजारीबाग के एलडीएम ने कहा कि हजारीबाग जिला डीएससी की मदद से पीएमजीपीवाई के लक्ष्य को हासिल कर बेहतर कार्य कर रहा है और विश्वास दिलाता हूं कि बैंक से किसी को निराश नहीं होने दिया जाएगा । वही एनटीपीसी के सिनियर मैनेजर देवराज आनंद ने कहा कि इस आईटीआई से ट्रेनिंग लेकर त्रिवेणी-सैनिक में व देश के अलग अलग राज्यों में युवा रोजगार प्राप्त किए हैं। एनटीपीसी सीएसआर के डीजीएम अजित कुमार ने कहा कि 2004 में मैक्सिको में इस कार्यक्रम का शुरुआत किया गया था जिसमें जहाँ उद्योग धंधे, खनन आदि कार्य जिस क्षेत्र में किए जाते हैं वहां के स्थानीय लोगों को इस फंड से उनको कौशल विकास व अन्य विकास योजनाएं चलाकर उन्हें भी साथ में विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाता है। इस कार्यक्रम में आईटीआई ढ़ेगा के प्रोफेसर मिथलेश उपाध्याय ने धन्यवाद ज्ञापन किया ।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित एडिटरः सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ0 अनिल कुमार

## RAINBOW SCHOOL BARHI

RAINBOW SCHOOL BARHI

UID NO. 20040117202

Shivpur (Gadlahi), Barhi, Hazaribag

Contact Number- 8210966457,8863095445

(A Better Educated Generation, A Better Future For Our Nation)


**ADMISSION OPEN NOW**




Built a Bright Future for Your Child. Give Your Child Education of Heart & Soul

### SALIENT FEATURES

- C.B.S.E. Pattern based Education (Upto X[th] Class)
- Eco Friendly Environment
- Admission through Entrance Exam
- Highly Experienced & Qualified Teachers and Staff
- Beautifully Aesthetically Designed Campus
- Stress Free & Pollution Free Environment
- Smart Classes, Computer Lab
- Project Based learning Music and Dance room
- Indoor & Outdoor Games and Sports Facilities
- Counselling Programs For Students & Parents
- Preparation & Remedial classes for Extra Support
- Whole Campus under CCTV Surveillance
- Transport Facility available
- School offers scholarship to meritious students
- R.O. Purified water facility
- Well Stocked Library
- Separate Common room (Toilet) Facilities for Boys & Girls
- Sufficient & Airy Classrooms
- Remedial Classes for Co-Curricular Activities
- Well Organised Programs on 26[th] Jan & 15[th] Aug.
- Celebration of "Saraswati Puja" with great Enthusiam
- Regular Organised Exams Periodically
- Facilated with Medical Kit, Sports Goods & P.T. Drum









इस प्रकार की शिक्षा प्रणाली का विकास करना हैं, जिसके द्वारा ऐसी युवा पीढ़ी का निर्माण हो सके जो राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत हो, शारीरिक, प्राणिक, मानसिक, बौद्धिक दृष्टि से पूर्ण विकसित हो तथा जो जीवन की चुनौतियों का सामना सफलतापूर्वक कर सके, उसका जीवन अन्य लोगों को शोषण एवं अन्याय से मुक्त कराकर राष्ट्र जीवन को समरस, सुसंपन्न एवं सुसंस्कृत बनाने के लिए समर्पित हो।

——— डायरेक्टर (सिकंदर प्र0 कुशवाहा) की कलम से





वादा नहीं विकास करेंगे...

जन-जन का सम्मान करेंगे...

बरही पश्चिमी से

पंचायत समिति प्रत्याशी पद हेतु

युवा, कर्मठ, जुझारू एवं ईमानदार

उम्मीदवार

## कपिल प्रसाद केशरी

को अपना बहुमूल्य

मतदान देकर भारी मतों से

विजयी बनाएं...!



सोच हमारी

विकास आपका

**कपिल प्रसाद केशरी** भावी पंचायत समिति प्रत्याशी, बरही पश्चिमी



## विक्रम बाइक रिपेयरिंग सेंटर

प्रो0 – विक्रम कुमार

हमारे यहां सभी प्रकार का बाइक रिपेयर किया जाता है।



TVS, Hero, BAJAJ, HONDA, YAMAHA, SUZUKI, Lifelong, ROYAL ENFIELD, PIAGGIO, Mahindra 2 Wheelers

पता : कोइली मोड़, रसोइया धमना | संपर्क सूत्र :– 6200723851



## PHYSICAL ACADEMY BARHI

- Boys & Girl
- Indian Army
- T.A. Army
- S.S.C, G.d.
- indian Navy
- Indian Air Force
- झारखण्ड पुलिस









फिजिकल और रिटेन दोनो की तैयारी करवाई जाती है।

नोट – हमारे यहाँ हॉस्टल की भी सुविधा है। हमारे यहाँ डे–नाईट क्लास चलती है।

Teacher : Bikash Kumar (B.A.) Sudhir Kumar (B.TA)

Contact No.- 7979908106, 9128479677, 8083536881

Trainer : Bikash Kumar, Suraj Kumar (Army Excellent)

Training Place : कोबरा गेट के सामने (उज्जैना मैदान)

Office : नहर, तिलैया रोड, बरही, हजारीबाग




सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अपराधियो ने हथियार के बल पर दुकान से लाखों रुपये लेकर फरार हो गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी थाना क्षेत्र के माखमर्गो चौक से बीते देर रात अपराधियो ने बंदूख के नोख पर कारू साव के दुकान का खिड़की दरवाजा तोड़कर लाखो रुपये लेकर फरार हो गया इस घटना के सम्बंद में बता दें कि कुछ अपराधी ने हथियार नोक पर कारू साव का दुकान का खिड़की व दरवाजा तोड़कर घुस गए और बदमाशों ने पूरे परिवार को बंधक बना दिया और एक लाख कैश और कुछ जेवरात लेकर फरार हो गया।अपराधियो ने जाते जाते दुकान मालिक को धमकी दिया कि किसी ने अगर हो-हल्ला किया तो जान से मार देंगे कारू साव ने बिरनी थाने में एक लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।इधर बिरनी थाना प्रभारी शर्मानन्द सिंह ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है बहुत जल्द अपराधियो को पकड़ लिया जायेगा।

## महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नवयुवक समिति के द्वारा भंडारा का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखण्ड क्षेत्र के शिव मंदिर बराय के प्रांगण में विगत वर्षो के भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि मेला के उपलक्ष्य मे नवयुवक समिति बराय के मनोज मंडल उर्फ मुखिया जी के अगुवाई मे भंडारा का आयोजन किया।बतादे की वर्षो से इस मंदिर में धूमधाम से महा. शिवरात्रि का त्योहार मनाया जाता है इस मेले में आ. सपास गांव के लोग मेला का आनन्द लेने आते हैं और सभी लोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं।इस भंडारा के आयोजन मे महेन्द्र मंडल, संजीत मंडल, विक्रांत मंडल, साहिल प्रिंस,प्रदीप, अजित, गोलू, संतोष, कुलदीप, नीतीश आदि का अहम योगदान रहा साथ ही मार्गदर्शक रूप में कामेश्वर मंडल, राजेन्द्र मंडल, लखदेव प्रसाद वर्मा आदि लोग उप. स्थित थे।

## एलआईसी कर्मी के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह'आयोजित

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



भारतीय जीवन बीमा निगम गिरिडीह शाखा कार्यालय से श्रीमती संहिता सरकार के सफल सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित की गई । समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ शाखा प्रबंधक श्री एसएस चौधुरी तथा संचालन बीमा कर्मचारी संघ के मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने किया। समारोह में अतिथि के रूप में बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के अध्यक्ष महेंद्र किशोर प्रसाद, महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल ,उपाध्यक्ष हेमंत कुमार मिश्रा, संयुक्त सचिव सुमित कुमार सिन्हा, नीरज कुमार, संगठन सचिव मदन कुमार पाठक, पेंशनर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता तथा अलगू प्रसाद उप. स्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष महेंद्र किशोर प्रसाद ने कहा कि श्रीमती संहिता सरकार एलआईसी में 33 वर्षो तक सफल योगदान देने के बाद से सेवानिवृत्त हुई है। उनका निगम में कार्यकाल अनुकरणीय रहा है। निगम के कार्य पूरी शिद्धता के साथ करती रही। उनके जैसा कर्मचारी होना मुश्किल बात है।

महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि श्रीमती संहिता सरकार बहुत ही मृदुभाषी और सरल स्वभाव की महिला है। 33 वर्षो में उन्होंने निगम और संगठन की सेवा में हमेशा अग्रणी भूमिका में रही हैं । उनके सेवानिवृत्ति से निगम को काफी क्षति होगी संगठन में उनका योगदान और मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

समारोह को संबोधित करते हुए तमाम वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती संहिता सरकार से हम लोगों ने मृदुभाषीता, कर्तव्य निष्ठा तथा ईमानदारी सीखा है। उनका कार्य करने की क्षमता और तरीका अनुकरणीय है। हम सभी को उनके द्वारा बड़ी बहन का प्यार और स्नेह मिला है।

समारोह में उन्हें श०ल बुके एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह में संजय शर्मा विजय कुमार अनुराग मुर्मू कुमकुम वाला वर्मा राजेश कुमार उपाध्याय आनंद मोहन झा शंकर कुमार प्रमोद कुमार शर्मा विनय कुमार उमानाथ जा झा डेनियल मरांडी अनुराग मुर्मू रोशन कुमार राजेश कुमार विनय कुमार सुनील कुमार वर्मा श्वेता सुकृति बर्मन अंजलि श्वेता प्रज्ञानंद श्वेता कुमारी प्रभास कुमार शर्मा प्रीतम मेहता नीतीश कुमार गुप्ता नीरज कुमार सिंह सबा परवीन संत कुमार राय रविंदर कुमार सिंह अमित कुमार डे मृत्युंजय प्रसाद सिंह दीपक कुमार मनोज कुमार लाल अनिल कुमार वर्मा अंशु कुमारी सिंघानिया गौरव कुमार सिंह अभय कुमार महेश्वरी वर्मा प्रदीप कुमार संजय कुमार शर्मा सहित तमाम अधिकारियों कर्मचारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों ने भाग लिया ।अ०ल इंडिया लियाफी की ओर से प्रदीप कुमार सा अनुप सिन्हा कृष्ण मुरारी सिंह आदि ने भाग लिया।

## बीमा कर्मचारी संघ ने एलआइसी आईपीओ के विरोध में किया सांकेतिक प्रर्दशन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




एलआईसी का आईपीओ आने पर एक दिवसीयराष्ट्रव्यापी हड़ताल किया जाएगा' : बीमा कर्मचारी संघ बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल गिरिडीह बेस की बैठक एलआईसी कार्यालय में संपन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया तथा संचालन मंडलीय संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि मंडलीय महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल थे तथा अतिथि के रुप में मंडलीय अध्यक्ष महेंद्र किशोर प्रसाद ,संयुक्त सचिव सुमित कुमार सिन्हा, सांगठनिक सचिव मदन कुमार पाठक उप. स्थित थे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयुक्त सचिव धर्म प्रकाश ने कहा कि केंद्र सरकार देश के सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को बेच रही है । एलआ. ईसी जैसे उत्कृष्ट वित्तीय संस्था का भी आईपीओ के माध्यम से विनिवेश किया जा रहा है। मंडलीय अध्यक्ष महेंद्र किशोर प्रसाद ने कहा कि 5 करोड़ की पूंजी से प्रा. रंभ होकर 66 वर्षों में एलआईसी ने 38 लाख करोड़ की परिसंपत्ति अर्जित किया है । एलआ. ईसी छोटे छोटे निवेशों को संग्रह कर देश के आधारभूत संरचना के विकास में निवेश करती है। ऐसे में एलआईसी का आईपीओ आना कतई देश हित में नहीं है। महासचिव जगदीश चंद्र मित्तल ने कहा कि एलआईसी का गठन एलआईसी एक्ट 1956 के तहत हुआ है जिसमें प्रावधान किया गया कि प्रत्येक वर्ष के सर प्लस का 95: बीमा धारकों को बोनस के रूप में तथा 5: केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में देना है तथा एलआईसी में नि. वेश की राशि को देश के आधारभूत संरचना के विकास में लगाना है। प्रारंभ काल से आज तक एलआईसी इन पर खरा उतरा है। लेकिन एलआ. ईसी के आईपीओ आने के बाद इन प्रावधानों में बदलाव कर दिया जाएगा। इसलिए हमारा संगठन एलआईसी के आईपीओ का विरोध कर रही है। जिस दिन एलआईसी का आईपीओ लाया जाएगा ,उस दिन अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आवाहन पर एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल किया जाएगा। बैठक को संयुक्त सचिव सुमित कुमार सिन्हा संगठन सचिव मदन कुमार पाठक पेंशनर एसोसिएशन के मंडल उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने संबोधित किया। बैठक में विजय कुमार, अनुराग मुर्मू, कुमकुम बाला वर्मा, राजेश कुमार उपाध्याय, रोशन कुमार ,राजेश कुमार ,विनय कुमार ,उमा नाथ झा ,डेनियल मरांडी, श्वेता, अंजलि श्वेता ,अंशु कुमारी सिंघानिया, स्वेता कुमारी, प्रवीण कुमार हंसदा, अनिल कुमार वर्मा ,प्रीतम मेहता, कुलदीप कुमार रवि, प्रभास कुमार शर्मा, प्रज्ञा आनंद ,सुकृति बर्मन, सबा परवीन, नीतीश कुमार गुप्ता, नीरज कुमार सिंह, दीपक कुमार पासवान, गौरव कुमार सिंह, अभय कुमार, सुनील कुमार वर्मा ,महेश्वरी वर्मा ,प्रदीप कुमार ,संजय कुमार शर्मा सहित तमाम कर्मचारियों ने भाग लिया।

## 49 वें स्थापना दिवस का तैयारी पूरी




**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**

झारखंड मुक्ति मोर्चा के 49 वा स्थापना दिवस शुक्रवार को गिरिडीह झंडा मैदान में आयोजन किया जाएगा जिसमें जानकारी के मुताबिक बता दें कि बिरनी प्रखंड में स्थापना दिवस के मौके पर तैयारी पूरी कर दिया गया है वही प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी ने बताया कि बिरनी प्रखंड से कई वाहनों गिरिडीह के लिए शुक्रवार को रवाना होंगे इस स्थापना दिवस पर मुख्य रूप उपस्थित रहेंगे झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद माननीय अदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन माननीय मंत्री चंपई सोरेन माननीय मंत्री हफीजुल हसन माननीय शिक्षा मंत्री जग. न्नाथ महतो गिरिडीह के सदर विधायक सुदिव्य कुमार सोनू गांडेय विधायक डॉ सरफराज अहमद उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी झारखंड युवा मोर्चा जिला संगठन सचिव राजू अंसारी ने दिया इस बैठक में उप. स्थित प्रखंड अध्यक्ष मजीद अंसारी प्रखंड सचिव कृष्ण मुरारी प्रसाद प्रखंड कोषाध्यक्ष रिज़वी अन्सारी उपाध्यक्ष मो0 मुस्लिम अंसारी प्रखंड संगठन सचिव सादिक अंसारी नूर मो. हम्मद 20 सूत्री सदस्य अर्जुन मंडल मोर्चा मीडिया प्रभारी रियाज अंसारी आदि

APEM
LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## धड़ल्ले से किया जा रहा है वन विभाग की जमीन पर मनरेगा की योजनाएं, जांच से खुलेंगे कई राज

**अपेम लाइव : गावां**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीह : गावां वन प्रक्षेत्र के वन विभाग की जमीन पर मनरेगा योजना के तहत टीसीबी , डोभा और कई बड़े बड़े तालाब का निर्माण कार्य भी हुआ है। मनरेगा योजनाओं की जांच होने से कई और मामले की राज खुल सकते है। सूत्रों से पता चलता है कि कई प्रकार की अनियमितता के तहत सरकारी योजनाओं में राशि की लुट हुई है। इस लुट की राशि विभाग के सभी कर्मियों और पदाधिकारियों तक पहुंचती है। सरकारी योजनाओं की राशि के लुट में मुखिया , बीपीओ , रोजगार सेवक, कम्प्यूटर आपरेटर इन सभी की मिलीं भगत से करोड़ों की लुट हो रही है और बदस्तूर जारी है। मनरेगा राशि की लुट में बिचौलिया वर्ग का महत्वपूर्ण योगदान है। यदि बारीकी से जांच कराई जाए तो मामले का उद्भेदन हो सकता है। सरकार की जनकल्याणकारी और मज. दूरों को रोजगार देने वाली योजना धरातल पर नहीं उतर रही है। सिर्फ कागजी दौड़ में ही सारे कार्य दिखाए जा रहे हैं। जरुरत है सरकार के नुमाइंदों का ध्यान इस ओर जाय और गरीबों को दिये जाने वाले सरकार के द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीबों को मिले और धरातल पर योजनाओं का लाभ आम लोगों को मिल सके। मामला गांवा प्रखंड के विभिन्न पंचायतों की है जहां मनरेगा कार्यो को दस्तावेजों के सहारे वन विभाग के जमीन पर किया जा रहा है। जांच उपरांत बड़े राज खुलने की आशंका जताई जा रही है।

## तिब्बत चीन का कभी भी अंग नहीं रहा है : जे .पी. जैन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**




जे .पी. जैन

हजारीबाग : इंटर कॉलेज गुरु गोविंद सिंह रोड हजारीबाग में ष्ए डे फ०र तिब्बत प्रोग्रामष का आयोजन हुआ। खतक उड़ा कर अतिथियों का स्वागत किया गया। जिसमें क०लेज के सैकड़ों विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। भारत तिब्बत मैत्री संघ के अध्यक्ष सुदेश कुमार चंद्रवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि तिब्बत के लोग बुद्ध और महात्मा गांधी के अ. हंसा के राह पे चलने वाले लोग है। चीन द्वारा तिब्बत में मानवाधिकार का खुले रुप से हनन किया जा रहा है। तिब्बत में तिब. बतियों को अपने धर्म और संस्कृति को बचाते के लिए जान देना पड़ रहा है दलाई लामा जी का चित्र भी नहीं रख सकते। तिब्बत में चीन द्वारा परमाणु कचरा का अड्डा बना दिया गया है जिससे पर्यावरण पूरी तरह से दूषित हो गया है। गुरुकुल इंटर क०लेज के निदेशक जे पी जैन चीन कभी भी तिब्बत का अंग नहीं रहा है ने विद्यार्थियों को संबो. धित करते हुए बताया कि चीन पूरे विश्व में आज अलग–थलग पड़ गया है उसकी विस्तार वादी नीति के कारण चीन से सटे देशों का सीमा रेखा का उल्लंघन करता रहा है भारत और चीन का सीमा एक दूसरे से कभी नहीं मिलता था भारत का पड़ोसी तिब्बत था। समा. जसेवी एवं शिक्षिका गायत्री राणा ने अपने संबोधन में बताया कि तिब्बत पर चीन का कभी अधिकार नहीं रहा है। धोखे से चीन उस पर कब्जा जमा बैठा है भारत के सीमा रेखा पर भी चीन द्वारा उल्लंघन होता रहा है हमारे सैनिक मारे भी जाते रहे हैं चीन हमारे यहां अपने सामानों को बेचकर धन एकत्रित करता है और हमारे देश और सैनिक के खिलाफ ही उस धन को लगाता है। हम सब मिलकर आज शपथ ले कि चीन में निर्मित वस. तुओं का हम लोग उपयोग नहीं करेंगे उसका बहिष्कार करेंगे भारत में निर्मित वस्तुओं का ही उपयोग करेंगे। भारत तिब्बत मैत्री संघ के शैलेश कुमार चंद्रवंशी एवं हितेश रंजन भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। सभी विद्यार्थियों ने आज अपना अपना हाथ उठाकर शपथ लिया कि चीन में बनी वस्तुओं का पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे कि चीन की वस्तुओं को ना खरीदें।

## जीएम कॉन्सेप्ट कोचिंग का किया उद्घघाटन

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



बिरनी प्रखंड के सिमराढाब पंचायत के अंतर्गत सिमराढाब पालोंजिया में गुरुवार को जीएम क०न्सेप्ट कोचिंग सेंटर का उद्घाटन मुख्य अतिथि माले बिरनी प्रमुख सीताराम सिंह वा माले जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा ने फीता काट कर किया वही सीताराम सिंह ने कहा यहा कोचिंग सेंटर होने से बच्चो को पढ़ाई में सुविधा होगा सभी बच्चों की अच्छा भविष्य बने यही कामना करता हूं वही कोचिंग संचालक जितेंद्र विश्वकर्मा मिथिलेश कुमार साव ने हमारे यह आठवाँ से लेकर बारहवीं कक्षा तक की पढ़ाई किया जाता है और अडवांस में क्लास अर्स सांईस सीबीएससी एनसीआरटी की तैयारी किया जाएगा। जिससे यहाँ के बच्चों को दूर जा के पढ़ाई करने की जरूरत नही पड़ेगा। अब सभी बच्चों को यही शिक्षा मिल जायेगा वही मुख्य रूप मख्मार्गो मुखिया रामविलास पासवान दयानद राम राजेश विश्कर्मा सीताराम पासवान चंदन राम सहदेव यादव इजरायल अंसारी प्रयाग बैठा मुंशी विश्कर्मा एवं सैकड़ो छात्र उपस्थित रहे।

## युवा, महिला,किसान एवं मजदूर विरोधी है हेमंत सरकार का बजट : रितेश खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



रितेश खण्डेलवाल

हजारीबाग : भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी सह युवा समाजसेवी रितेश खण्डेलवाल ने झारखंड सरकार के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि झारखंड सरकार ने गुरुवार को एक ऐसा बजट पेश किया है जो नि. राशा से भरी हुई है, और असफलताओं की कुंजी है और द्वितीय असफलताओं का भंडार है।ये गरीब वि. रोधी,महिला विरोधी, आदिवासी विरोधी,नौजवान विरोधी, रोजगार नहीं देने वाला बजट है। झारखंड की मूल भुत जो समस्या है समाधान के लिए बजट में कोई भी प्रावधान नहीं किए गए हैं। इस बात का उल्लेख उसमें कहीं भी नहीं किया गया है कि रोजगार के क्षेत्र में बेरोजगारों को किस प्रकार से रोजगार देंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के वादे तो नजर आते हैं पर इरादे दूर–दूर तक कहीं दिखाई नहीं दे रहे हैं बजट में सरकार ने जिन प्रमुख योजनाओं की घोषणा की है उनमें से अधिकतर हमारी भाजपा सरकार की है जबकि कई योजनाएं तो ऐसी है जो केंद्र सरकार की है तथा उस योजनाओं को जनता के सामने परोसने का प्रयास किया गया है.......

## झामुमो का स्थापना दिवस कल, दिशोम गुरु कार्यक्रम में होंगे शामिल : अजय सिंह

**अपेम लाइव : गांवां**
**मोजाहिद अली**



अजय सिंह

गावां, गिरिडीह : झामुमो की गिरिडीह जिला इकाई 4 मार्च को स्थापना दिवस समारोह झंडा मैदान में मनाई जाएगी। स्थापना दिवस को लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। झामुमो गावां प्रखण्ड अध्यक्ष अजय सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस की गावां प्रखण्ड समेत जिले भर में व्यापक तैयारी की जा रही है। सभी कार्यकर्ताओं को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाना है। स्थापना दिवस समारोह तीन बजे शाम से 8 बजे रात तक मनाया जाएगा। समारोह के दौरान कोरोना गार्डलाइन का पालन किया जाएगा और झंडा मैदान के सभी गेट पर मास्क और सेनिटाइजर की व्यवस्था रहेगी। समारोह में मुख्य रूप से दिशोम गुरु शिबू सोरेन के अलावे मंत्री हफीजुल हसन, गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के अलावे झामुमो के तमाम दिग्गज शामिल होंगे।

## भंडारे के साथ रुद्र महायज्ञ का पांचवा वार्षिकोत्सव सह महाशिवरात्रि हुआ समाप्त

**अपेम लाइव :**
**प्रतापपुर/चतरा**
**कुमार चंदन ,**




प्रतापपुर : प्रतापपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपुर बाजार स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय रुद्र महायज्ञ का पांचवा वार्षिकोत्सव सह महाशिरात्रि मंगलवार को पूर्णाहुति व भंडारा के साथ संपन्न हो गया। मंगलवार को यज्ञाचार्य बाबा श्री आनंद दास जी महाराज व बैजनाथ पाठक के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ–साथ विधि विधान से पूजा अर्चना के कर हवन का कार्य संपन्न कराया। इस क्रम में श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न देवी देवताओं के नाम हवन किया। हवन करने को लेकर पंचायत के साथ–साथ आस पास के श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पडी। वहीं हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। सात दिनों तक चलने वाला यज्ञ में प्रवचन सुनने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। जबकि यज्ञ मंडप परिक्रमा करने को लेकर भी महिला–पुरुष व बच्चे काफी उत्सुक दिखे। सात दिनों तक चलने वाला रुद्र महायज्ञ से संपूर्ण पंचायत भक्ति के सागर में डूबा रहा। बुधवार को हवन व भंडारा के साथ यज्ञ का भव्य समापन हुआ। भंडारा में महा प्रसाद ग्रहण करने को लेकर भी श्रद्धालुओं की भीड़ अच्छी खासी देखी गई। इस भंडारा में समरसता झलक रही थी। भंडारा में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में बुंदिया पूड़ी का महाभोग परोसा गया। बताते चलें कि श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर वर्ष 2015 से महादेव मंदिर का निर्माण कार्य चल रहा था। उक्त मंदिर बनने के उपलक्ष्य में महायज्ञ का आयोजन किया गया था। यज्ञ के सफल संचालन में यज्ञ समिति के अध्यक्ष शूकर यादव, डo सहदेव प्रजापति, विनोद शर्मा, सिंगर रिंकू राजा, सतेन्द्र प्रसाद, गुड्डू साव, रामजी यादव, नंदू प्रजापति, अजय प्रजापति, रोहित रजक,सहित अन्य की अहम भूमिका रही।

APEM
LIVE